भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2407

दिनांक 13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सर्वाइकल कैंसर की घटनाएं

†2407. डॉ. काकोली घोष दस्तीदारः
श्रीमती साजदा अहमदः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में सर्वाइकल कैंसर की सूचित घटनाओं का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने देश में 80 प्रतिशत से अधिक सर्वाइकल कैंसर के मामलों के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) 16 और 18 को जिम्मेदार ठहराया था;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) सार्वभौमिक प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अभी तक एचपीवी वैक्सीन को शामिल न किए जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) राष्ट्रीय रोग सूचना एवं अनुसंधान केंद्र (एनसीडीआईआर) - राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (एनसीआरपी) के अनुसार, वर्ष 2021-2025 के दौरान देश में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की घटनाओं की अनुमानित संख्या, राज्य/संघ राज्1 क्षेत्र-वार, अनुलग्नक I में दी गई है।

(ख) एवं (ग) जी हाँ। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के भाग के रूप में राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत देश भर के राज्यों और संघ राज्1 क्षेत्रों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह कार्यक्रम 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को लक्षित करते हुए जनसंख्या आधारित पहल के माध्यम से तीन सामान्य कैंसर सहित सामान्1 गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम, नियंत्रण और स्क्रीनिंग पर केंद्रित है।

राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के अंतर्गत 770 जिला एनसीडी क्लीनिक, 364 जिला डे केयर कैंसर केंद्र (डीसीसीसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 6,410 एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, जिला अस्पताल स्तर पर कैंसर देखभाल की सुलभता सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 297 जिला डे केयर कैंसर केंद्रों (डीसीसीसी) को मंजूरी दी गई है।

इसके अतिरिक्त, उन्नत कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए देश के विभिन्न भागों में 19 राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और 20 विशिष्ट कैंसर देखभाल केंद्र (टीसीसीसी) स्थापित किए गए हैं। साथ ही, सभी 22 नए एम्स में निदान, चिकित्सा और शल्य चिकित्सा सुविधाओं के साथ कैंसर उपचार सुविधाओं को मंजूरी दी गई है।

(घ) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) ने एचपीवी वैक्सीन के लिए चिकित्सा एवं पैरामेडिकल कर्मचारियों की क्षमता निर्माण कार्य शुरू किया है।

अनुलग्नक-I

भारत में विभिन्न राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में कैंसर के मामलों का अनुमानित आंकड़ा (2021-2025) - सर्विक्स यूटेरी (सी53)					
	वर्ष				
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**2021**	**2022**	**2023**	**2024**	**2025**
जम्मू और कश्मीर	70	71	72	72	73
लद्दाख	1	1	1	1	1
हिमाचल प्रदेश	301	303	304	306	307
पंजाब	1279	1288	1296	1305	1314
चंडीगढ़	36	36	36	37	37
उत्तराखंड	460	465	469	474	479
हरियाणा	1148	1163	1178	1193	1208
दिल्ली	793	767	741	716	692
राजस्थान	3852	3898	3945	3991	4038
उत्तर प्रदेश	11054	11173	11292	11411	11530
बिहार	7773	7892	8012	8131	8250
सिक्किम	23	23	23	24	24
अरुणाचल प्रदेश	35	35	36	36	36
नागालैंड	158	160	161	163	164
मणिपुर	102	105	108	111	114
मिजोरम	134	138	141	144	147
त्रिपुरा	192	195	198	201	204
मेघालय	87	88	89	90	90
असम	1750	1767	1784	1802	1819
पश्चिम बंगाल	6300	6334	6368	6403	6437
झारखंड	2468	2501	2534	2567	2600
उड़ीसा	2978	2998	3018	3038	3057
छत्तीसगढ़	1470	1487	1504	1522	1539
मध्य प्रदेश	4093	4145	4197	4249	4300
गुजरात	2483	2436	2390	2345	2372
दमन	11	11	11	11	12
दादरा और नगर हवेली	19	19	20	20	21
महाराष्ट्र	4848	4752	4658	4566	4600
तेलंगाना	3169	3185	3201	3217	3233
आंध्र प्रदेश	4460	4476	4493	4509	4526
कर्नाटक	5572	5607	5642	5677	5712
गोवा	58	56	55	53	54
लक्षद्वीप	6	6	6	6	6

केरल	1642	1649	1655	1662	1668
तमिलनाडु	7902	8021	8142	8264	8389
पुदुचेरी	139	143	147	150	154
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	32	32	32	32	32
कुल	**76898**	**77426**	**77959**	**78499**	**79239**